वित्तीय स्वीकृति

संख्या-25/2022/ई-1617303/18-2-2022-19(ल0उ0)/2017

प्रेषक

डा0 प्रदीप कुमार
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में

आयुक्त एवं निदेशक
उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन, उ0प्र0, कानपुर।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक: 19 जुलाई, 2022

विषयः-विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के क्रियान्वयन हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में व्यय हेतु आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष अवशेष धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-159/13-हस्त0/बजट/2022-23, दिनांक 8-7-2022 के संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में प्राविधानित धनराशि रू0 112.50 करोड़ (रूपये एक अरब बारह करोड़ पचास लाख मात्र) के सापेक्ष रू0 56.25 करोड़ (रूपये छप्पन करोड़ पचीस लाख मात्र) की धनराशि मा0 राज्यपाल आपके निवर्तन पर रखने एवं व्यय करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

2. स्वीकृत धनराशि का आहरण एकमुश्त न करके तात्कालिक आवश्यकतानुसार किया जायेगा एवं स्वीकृत धनराशि का आहरण कर पी0एल0ए0/बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय अनुमोदित योजना की स्वीकृत मदों पर तदनुसार ही किया जायेगा तथा किसी भी दशा में इस धनराशि का उपयोग अन्य मदों में तथा अन्य प्रयोजनों के लिए नहीं किया जायेगा।

3. लाभार्थी/इकाईयों को धनराशि का भुगतान एन0ई0एफ0टी0/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से किया जायेगा। धनराशि का भुगतान चेक अथवा नगद नहीं किया जायेगा।

4. स्वीकृत धनराशि के व्यय की मदवार सूचना निर्धारित प्रारूप बी0एम0-13 पर प्रत्येक माह में नियमित रूप से शासन तथा वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6 को उपलब्ध करायी जायेगी। इस धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद एवं शासन को यथासमय उपलब्ध कराया जायेगा।

5. प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि को व्यय करते समय आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा शासन के वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत किये गए मितव्ययता सम्बन्धी शासनादेशों एवं कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

जून, 2022 तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-2 द्वारा विश्वकर्मा श्रम योजना लागू किये जाने के संबंध में निर्गत शासनादेश संख्या-34/2018/997/18-2-2018-19(ल0उ0)/2017, दिनांक 26-12-2018 एवं यथा परिवर्द्धित शासनादेश संख्या-3/2019/144/18-2-2019-19(ल0उ0)/2017, दिनांक 28-3-2019 में निहित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा तथा स्वीकृत धनराशि की सीमा तक ही व्यय सीमित रखा जायेगा।

6. उपरोक्त स्वीकृत धनराशि के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-3 "लेखाशीर्षक-2851-ग्राम तथा लघु उद्योग-102-लघु उद्योग-14-विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना-42-अन्य व्यय" के अन्तर्गत व्यवस्थित धनराशि के नामे डाला जायेगा।

7. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक 07 जून, 2022 में निहित व्यवस्था के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

डा0 प्रदीप कुमार
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. महालेखाकार(लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी उ0प्र0।
3. कोषाधिकारी, कानपुर नगर।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-6
5. निदेशक, वित्तीय एवं सांख्यिकीय निदेशालय, 125, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग-3
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

डा0 प्रदीप कुमार
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।